मु .नं. 15/2023 राणा बनाम पूनमाराम वगैरह

21.10.024

पत्रावली पेश। वकील प्रार्थी पक्ष उप.। अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 5 बार–बार आवाज लगाई सूचना बावजूद अनुपस्थित इनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया कि मौजा धानता पटवार हल्का अरणाय तहसील सांचौर के खेत खसरा नम्बर 329 रकबा 2.32 हैक्टयर, खसरा नम्बर 330 रकबा 0.01 हैक्टयर, खसरा नम्बर 331 रकबा 2.31 हैक्टयर कुल रकबा 4.64 हैक्टयर के आये हुए है। प्रार्थी की खातेदारी भूमि के सेढा–सेढ अप्रार्थीगण के खेत खसरा नम्बर 321 आया हुआ है प्रार्थी के व अप्रार्थीगण के खेतो के बीच जागीरी की माठे बनी हुई है। जिसमें करीब 100 वर्षो पुराने जाल, नीम, खेजड़ी, बबूल, थोर आदि वृक्ष खड़े है तथा पुरानी माठ बार–बार तौड़ते रहते है। तथा विवाद पैदा करते है। दिनांक 06.06.2020 को प्रार्थी ने अपने खेतों की पैमाईश भी करवाई। इसके उपरान्त भी अप्रार्थीगण अपनी हरकतो से बाज नही आये तथा दिनांक 20.06.2020 को प्रार्थी के खेत विरूद्ध फौजदारी मुकदमा हुआ जो अभी न्यायिक मजिस्ट्रेट, सांचौर के न्यायालय में अनवीनक्षाधीन है। इसके उपरान्त भी अप्रार्थी संख्या 1 ता 4 अप्रार्थी संख्या 5 का सहारा लेकर खेतों में बार–बार पेमाईश के नाम दखलन्दाजी करते रहते है। ऐसी सुरत में अप्रार्थीगण को मूलवाद ताफैसला तक अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से रोका जाना न्याय संगत है।

हमनें वकील प्रार्थी की एक पक्षीय बहस पर मनन किया व पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज का अध्ययन व अवलोकन किया। वादग्रस्त आराजी प्रार्थी व अप्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी होना प्रकट होता है। प्रकरण में प्रथम दृश्टया मामला व सुविधा का संतुलन प्रार्थी के पक्ष में प्रतीत होता है। अतः न्यायहित में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थीगण के विरूद्ध अंतिम रूप से पुख्ता किया जाकर इस आशय की अस्थाई निषेधाज्ञा अप्रार्थीगण के विरूद्ध मूल वाद ताफैसला जारी की जाती है कि मौजा धानता पटवार हल्का अरणाय तहसील सांचौर के खेत खसरा नम्बर 329 रकबा 2.32 हैक्टयर, खसरा नम्बर 330 रकबा 0.01 हैक्टयर, खसरा नम्बर 331 रकबा 2.31 हैक्टयर कुल रकबा 4.64 हैक्टयर भूमि में अप्रार्थीगण राजस्व रेकर्ड ... बनाए रखे। ... से कम। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2024.11.04 14:13:17 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर, सांचौर
(उपखण्ड अधिकारी, सांचौर)

Scanned with OKEN Scanner